# PAPER-II
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 5 8 1 1**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The words 'Socialist' and 'Secular' were inserted in the Preamble by
(A) 1st Amendment of the Constitution
(B) 24th Amendment of the Constitution
(C) 44th Amendment of the Constitution
(D) 42nd Amendment of the Constitution

**2.** The expression 'minority' in Article 30 of the Constitution of India means any community which is
(A) Less than 50% of the population of a particular State as a whole
(B) Less than 40% of the population of a particular State as a whole
(C) It is determined on the basis of the entire population of the country
(D) It is determined on the basis of Census

**3.** A writ of certiorari can be issued Against
(A) A Lower Court/Tribunal to prevent it from proceeding further.
(B) Parliament to stop the proceedings taking place in the House.
(C) Lower Courts to remit all the documents to the writ court for verification.
(D) To give direction to the executive to perform their duties.

**4.** Which one of the following authorities is competent to seek the advisory opinion of the Supreme Court of India ?
(A) The Parliament of India
(B) The Governor of a State
(C) The Council of Ministers
(D) The President of India

**5.** The Supreme Court observed that, Parliamentary privileges are not subject to Fundamental Rights in
(A) Ganapati Reddy V. Nafisul Hasan
(B) M.S.M. Sharma V. Sri Krishna Sinha
(C) Keshav Singh V. The Speaker, UP
(D) S.P. Mittal V. Union of India

**6.** Article 360 of the Constitution of India relates to
(A) Ordinance making power
(B) Amendment
(C) Election Commission
(D) Financial Emergency

**7.** 'Rights spring from Right' said by
(A) Allen
(B) Kelsen
(C) Salmond
(D) Hart

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट** : इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** शब्द 'समाजवादी' और 'धर्म निरपेक्ष' उद्देशिका में किससे जुड़ा ?

(A) संविधान के प्रथम संशोधन से ।

(B) संविधान के 24वें संशोधन से ।

(C) संविधान के 44वें संशोधन से ।

(D) संविधान के 42वें संशोधन से ।

**2.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 के अन्तर्गत 'अल्पसंख्यक' से भाव उस समुदाय से है जो

(A) किसी विशिष्ट राज्य की समूची जनसंख्या में उसकी गिनती 50 प्रतिशत से कम हो ।

(B) किसी विशिष्ट राज्य की समूची जनसंख्या में उसकी गिनती 40 प्रतिशत से कम हो ।

(C) इसका निर्धारण देश की कुल आबादी के आधार पर होता है ।

(D) इसका निर्धारण जनसांख्यिकी के आधार पर होता है ।

**3.** 'उत्प्रेषण लेख' रिट किसके विरुद्ध जारी की जा सकती है ?

(A) निचली अदालत / ट्रिब्यूनल के विरुद्ध ताकि उन्हें आगे की कार्रवाई करने से रोका जाए ।

(B) संसद के विरुद्ध ताकि संसद में आगे की कार्रवाई को रोका जा सके ।

(C) निचली अदालत के विरुद्ध ताकि उसे कहा जाए कि वह सभी दस्तावेज सत्यापन के लिए रिट अदालत को भेजें ।

(D) कार्यवाहिका के विरुद्ध ताकि वे अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करें ।

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा अधिकारी सर्वोच्च न्यायालय से सलाहकारी सेवा प्राप्त करने के लिए सक्षम हैं ?

(A) भारत का संसद

(B) राज्य का राज्यपाल

(C) मंत्री परिषद

(D) भारत के राष्ट्रपति

**5.** सर्वोच्च न्यायालय ने किस मामले में टिप्पणी की कि संसदीय विशेषाधिकार मूलभूत अधिकारों के अध्यधीन नहीं आते हैं ?

(A) गणपति रेड्डी बनाम नफीसल हसन

(B) एम.एस.एम. शर्मा बनाम श्री कृष्ण सिन्हा

(C) केशवसिंह बनाम स्पीकर, उत्तरप्रदेश

(D) एस.पी. मित्तल बनाम भारत संघ

**6.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 360 सम्बन्धित है

(A) अध्यादेश जारी करने की शक्ति

(B) संशोधन

(C) निर्वाचन आयोग

(D) वित्तीय आपात

**7.** 'अधिकार अधिकारों से पैदा होता है ।' यह किसका कथन है ?

(A) एलेन

(B) केल्सन

(C) साल्मंड

(D) हार्ट

**8.** 'Natural law' theory may be broadly divided into

(A) Five Classes

(B) Four Classes

(C) Three Classes

(D) Two Classes

**9.** 'Social Solidarity' principle was propounded by

(A) Maine

(B) Duguit

(C) Austin

(D) Bodin

**10.** 'Vienna School' of law is known as

(A) 'Systematic Theory of Law'

(B) 'Private Theory of Law'

(C) 'Pure Theory of Law'

(D) 'Old Theory of Law'

**11.** Expiatory Theory of Punishment is linked with the following :

(A) Preventive Theory

(B) Reformative Theory

(C) Retributive Theory

(D) Deterrent Theory

**12.** The physical element of possession is also called as

(A) Ratio decidendi

(B) Corpus decidendi

(C) Corpus possessionis

(D) Animus possidendi

**13.** In which of the following cases the Court said that the distinction between *de facto* and *de jure* recognition is political, rather than legal ?

(A) The S.S. Christina Case

(B) The Arantraju Mendi Case

(C) The Tinaco Arbitration Case

(D) Mighell V. Sultan of Jahore

**14.** Which of the following are essential elements of a valid international custom ?

1. Constant and uniform State practice
2. Generality of practice
3. *Jus cogens*
4. *Opinio juris*

**Codes :**

(A) 1 alone

(B) 3 and 4

(C) 1, 2 and 4

(D) 1, 2, 3 and 4

**15.** Match List – I with List – II using the codes given below :

| **List – I (Theme)** | **List – II (Judicial decisions)** |
|---|---|
| (a) International custom | 1. The Visaka Case |
| (b) Human rights | 2. Indian Gramophone Co. Case |
| (c) United Nations | 3. The S.S. Lotus Case |
| (d) Status of international law in India | 4. The Reparations Case |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

8. प्राकृतिक विधि सिद्धान्त मोटे तौर पर विभाजित किये जाते हैं

(A) पाँच श्रेणियों में
(B) चार श्रेणियों में
(C) तीन श्रेणियों में
(D) दो श्रेणियों में

9. 'सामाजिक एकता' सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) मेन
(B) ड्यूगिट
(C) आस्टीन
(D) बोडिंन

10. विधि के वियाना स्कूल को जाना जाता है

(A) विधि का क्रमबद्ध सिद्धान्त
(B) विधि का निजी सिद्धान्त
(C) विधि का स्वच्छ सिद्धान्त
(D) विधि का पुरातन सिद्धान्त

11. दण्ड के प्रायश्चितिक सिद्धान्त का निम्नलिखित में से किससे सम्बन्ध है ?

(A) निवारक सिद्धान्त
(B) सुधारक सिद्धान्त
(C) प्रतिशोधात्मक सिद्धान्त
(D) प्रतिरोधक सिद्धान्त

12. कब्जे के वस्तुगत तत्त्व को यह भी कहते हैं

(A) निर्णय सार (रेशो डैसेडेंडी)
(B) निरन्तर भौतिक नियंत्रण रखने का आशय (कार्पस डैसेडेंडी)
(C) कब्जाधीन वस्तु (कार्पस पजेशन्स)
(D) नियंत्रण रखने का आशय (एनीमस पोजेडेंडी)

13. निम्नलिखित में से किस मामले में अदालत ने यह कहा है कि वस्तुत: एवं विधित: मान्यता में अन्तर राजनीतिक है, वैधिक नहीं है ?

(A) एस.एस. कृष्टिना केस
(B) अरन्तराजु मेंडी केस
(C) टिनाको आरबिट्रेशन केस
(D) मीगल बनाम जाहौर के सुल्तान

14. निम्नलिखित में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि का अनिवार्य तत्त्व है ?

1. राज्य की निरन्तर एवं समान पद्धति
2. पद्धति की समानता
3. जस कोजेन्स
4. ओपोनियो जूरिस

**कूट :**

(A) केवल 1
(B) 3 और 4
(C) 1, 2 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

15. सूची – I को सूची– II की मदों से सुमेलित कीजिए और इसके लिए प्रदत्त कूट का प्रयोग कीजिए :

| **सूची – I (विषय)** | **सूची – II (निर्णय)** |
|---|---|
| (a) अन्तर्राष्ट्रीय पद्धति | 1. विशाका केस |
| (b) मानवीय अधिकार | 2. इंडियन ग्रामोफोन कं. केस |
| (c) संयुक्त राष्ट्र | 3. एस.एस. लोटस केस |
| (d) भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विधि का स्थान | 4. रेपरेशन केस |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

16. **Assertion (A) :** General principles of law recognized by civilized nations enable the International Court to develop rules of International Law.

**Reason (R) :** The meaning and scope of general principles of law are unclear.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

17. In the S. S. Lotus case the permanent Court of International Justice held that in the case of collision of two foreign ships.

(A) France has jurisdiction

(B) Turkey has jurisdiction

(C) European Unity has jurisdiction

(D) Assembly of the League of Nations has jurisdiction

18. Consider the following judicial decisions :

(1) Luther V. Sagar

(2) S.S. Lotus Case

(3) Mavro-mmatis Palestine Concessions Case

(4) Morhensen V. Peters

The chronological order in which these decisions were delivered :

**Codes :**

(A) 4, 3, 1 and 2

(B) 2, 4, 1 and 3

(C) 2, 3, 4 and 1

(D) 1, 2, 3 and 4

Read Assertion (A) and Reason (R) and with the help of codes given below, point out the correct explanation :

19. **Assertion (A) :** Sapinda relationship extends upto five degrees on the paternal side and three degrees on the maternal side.

**Reason (R) :** Rules relating to Sapinda relationship are based on principle of exogamy.

**Codes :**

(A) (A) is correct, (R) is false.

(B) Both (A) and (R) are correct.

(C) (R) is correct, but (A) is wrong.

(D) Neither (A) nor (R) is correct.

20. A Muslim man cannot marry

(A) a Jew

(B) a Christian

(C) an idolatress or a fire worshipper

(D) both (A) and (B)

21. Guilt Theory of Divorce implies

(A) Both parties to the marriage to be guilty.

(B) One guilty party and other party to be innocent.

(C) Both (A) and (B).

(D) Neither (A) nor (B).

22. Adoption of children is recognised under the

(A) Muslim Law

(B) Parsi Law

(C) Hindu law

(D) Christian Law

16. **अभिकथन (A) :** सभ्य राष्ट्रों द्वारा विधि के सामान्य सिद्धान्त जिन्हें वहाँ मान्यता प्राप्त है, वे अन्तर्राष्ट्रीय अदालत को अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के विकास के योग्य बनाते हैं ।

**तर्क (R) :** विधि के सामान्य सिद्धान्तों का अर्थ और व्यापकता अस्पष्ट है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है परन्तु (R) सही है ।

17. अन्तर्राष्ट्रीय जस्टिस की स्थायी अदालत ने एस.एस. लोटस केस में निर्णय दिया कि जब दो विदेशी समुद्री जहाज आपस में टकराएँ तो

(A) फ्रांस का अधिकार क्षेत्र है ।

(B) टर्की का अधिकार क्षेत्र है ।

(C) यूरोपियन युनिटी का अधिकार क्षेत्र है ।

(D) लीग आफ नेशन्स की सभा का अधिकार क्षेत्र है ।

18. निम्नलिखित न्यायिक निर्णयों पर विचार कीजिए :

1. लूथर बनाम सागर
2. एस.एस. लोटस केस
3. मैवरो-मैटिस पेलेस्टीन कनसेशन केस
4. मोर्हेनसेन बनाम पीटर्स

उपरोक्त निर्णयों को इनके दिए जाने के कालक्रमानुसार दर्शाइए

**कूट :**

(A) 4, 3, 1 और 2

(B) 2, 4, 1 और 3

(C) 2, 3, 4 और 1

(D) 1, 2, 3 और 4

19. अभिकथन (A) और तर्क (R) को अधोलिखित कूट की सहायता से पढ़िए और सही स्पष्टीकरण का चयन कीजिए ।

**अभिकथन (A) :** सपिंड सम्बन्ध पैतृक दिशा 5 डिग्री और मातृक दिशा में 3 डिग्री तक जाता है ।

**तर्क (R) :** सपिंड सम्बन्ध असगोत्र विवाह के सिद्धान्त पर आधारित है ।

**कूट :**

(A) (A) सही है, (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(C) (R) सही है परन्तु (A) गलत है ।

(D) न (A) और न (R) सही है ।

20. एक मुस्लिम व्यक्ति निम्नलिखित में से किसके साथ विवाह नहीं कर सकता ?

(A) यहूदी महिला से ।

(B) ईसाई महिला से ।

(C) बुत्त परस्त करनेवाली अथवा अग्निपूजक महिला से ।

(D) (A) और (B) दोनों से ।

21. तलाक के अपराध सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है

(A) विवाह के दोनों पक्षकार दोषी हैं ।

(B) एक पक्षकार दोषी और दूसरी निर्दोष है ।

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न (A) और न ही (B)

22. बच्चों को गोद लेना किस विधि के अनुसार मान्य है ?

(A) मुस्लिम विधि

(B) पारसी विधि

(C) हिन्दू विधि

(D) ईसाई विधि

**23.** A Hindu wife is not entitled to separate residence and maintenance from her husband if she

(A) ceases to be a Hindu by conversion

(B) is unchaste

(C) either (A) or (B)

(D) neither (A) nor (B)

**24.** The Hindu Marriage Act, 1955 recognises ______ as a ground of divorce.

(A) actual desertion

(B) constructive desertion

(C) only (A) and not (B)

(D) both (A) and (B)

**25.** An agreement to do an impossible act is

(A) void

(B) voidable

(C) valid

(D) unenforceable

**26.** In a minor's agreement

(A) Minor cannot be estopped from pleading his minority

(B) Contract is void

(C) Minor is estopped from pleading his minority

(D) Both (A) and (B) are right

**27.** Section 73 of the Indian Contract Act applies to

(A) for sale of moveable property

(B) for sale of immoveable property

(C) both (A) and (B)

(D) None of the above

**28.** A Wagering Contract is void under

(A) Section 28

(B) Section 29

(C) Section 30

(D) Section 31

**29.** The age of majority for the purpose of Contract Act is

(A) 21 years for boys and girls

(B) 18 years for boys and girls

(C) 21 years for girls

(D) 20 years for boys

**30.** When a contract provides for a specified sum in case of breach

(A) it prescribes the minimum liability

(B) it prescribes the maximum limit of liability

(C) it prescribes neither the minimum nor the maximum extent of liability

(D) None of the above

**31.** "Negligence is the omission to do something which a reasonable man guided upon those considerations which ordinarily regulate the conduct of human affairs would do or doing something which a prudent and reasonable man would not do." Who said this ?

(A) Salmond

(B) Winfield

(C) Clerk and Lindsell

(D) Aldersen

23. हिन्दू पत्नी अपने पति से अलग नहीं रह सकती तथा निर्वाह भत्ता नहीं ले सकती अगर वह
(A) हिन्दू धर्म छोड़ दे ।
(B) अपवित्र है ।
(C) (A) या (B) हो ।
(D) न (A) और न ही (B) हो ।

24. हिंदू विवाह अधिनियम 1955 ________ को तलाक के कारण के रूप में मान्यता देता है ।
(A) वास्तविक अभित्यजन
(B) आन्वयिक अभित्यजन
(C) केवल (A), (B) नहीं ।
(D) (A) और (B) दोनों ।

25. एक असम्भव कार्य करने के लिए किया करार कहलाता है
(A) शून्य
(B) शून्यकरणीय
(C) वैध
(D) लागू न करने योग्य

26. एक नाबालिग के साथ करार में
(A) नाबालिग को अपनी नाबालिगी का अभिवचन करने से नहीं रोका जा सकता ।
(B) संविदा शून्य है ।
(C) नाबालिग को अपनी नाबालिगी का अभिवचन करने से रोका जाता है ।
(D) (A) और (B) दोनों सही हैं ।

27. भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 73 किस पर लागू होती हैं ?
(A) चल सम्पत्ति के विक्रय के लिए
(B) अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए
(C) (A) और (B) दोनों के लिए
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

28. पंद्यम संविदा किस धारा के अधीन शून्य है ?
(A) धारा 28
(B) धारा 29
(C) धारा 30
(D) धारा 31

29. संविदा अधिनियम के अधीन बालिक होने की आयु क्या है ?
(A) लड़का/लड़की दोनों के लिए 21 वर्ष
(B) लड़का/लड़की दोनों के लिए 18 वर्ष
(C) लड़की के लिए 21 वर्ष
(D) लड़के के लिए 20 वर्ष

30. संविदा जब संविदा के उल्लंघन पर निर्धारित राशि की व्यवस्था करती है तो
(A) यह न्यूनतम देयता निर्धारित करती है ।
(B) यह अधिकतम देयता निर्धारित करती है ।
(C) यह न तो न्यूनतम और न ही अधिकतम देयता को निर्धारित करती है ।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

31. 'उन कार्यों, जो किसी सामान्य समझदार व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं, को न करने को असावधानी कहते हैं ।' यह किसका कथन है ?
(A) सलमौंड
(B) विनफील्ड
(C) क्लर्क एवं लिंडसेल
(D) आल्डरसन

**32.** While X with a package was trying to board a running train, the railway guard tried to help him and pushed him inside a compartment but the package fell and rolled down on the railway track causing an explosion (as package contained fire works), and a splinter hit Y who was some ten feet away, injuring him. Y sued the railway company for the negligence of the railway guard.

(A) Railway company is liable

(B) For the injury received by Y, the railway company is not liable as the railway company owed no duty to Y.

(C) The injury to Y is too remote a matter for which railway company cannot be liable.

(D) The railway company owed a duty to the general public that its employees will not act negligently.

**33.** The principle of privity of contract was held to be not applicable to an action for tort in

(A) Winterbottom Vs Wright

(B) Donoghue Vs Stevenson

(C) Grant Vs Australian Knitting Mills Ltd.

(D) Ashby Vs White

**34.** Following are good defences to an action in torts :

(i) Volunti non fit injuria

(ii) Scienti non fit injuria

(iii) Vis major

Choose the correct answer by using the codes given below :

(A) (i), (ii) (B) (ii), (iii)

(C) (i), (iii) (D) (iii) only

**35.** The propounder of "Pigeon-hole Theory" is

(A) Salmond

(B) Austin

(C) Winfield

(D) Clerk & Lindsell

**36.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| I. | Damnum sine injuria | (a) | Ashby Vs. White |
| II. | Absolute liability | (b) | Gloucester Grammar School case |
| III. | Injuria sine damno | (c) | Stanley Vs. Powell |
| IV. | Inevitable accident | (d) | Rylands Vs. Fletcher |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (B) | (a) | (c) | (d) | (b) |
| (C) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (D) | (d) | (b) | (c) | (a) |

**37.** To find *mens rea* it is necessary that there must exist

(A) The act was intended

(B) There must be a resultant consequence

(C) The act of causing injury to another

(D) The knowledge of existence of facts

**32.** एक्स जब भागकर गाडी चढ़ने की कोशिश कर रहा था और उसके पास सामान भी था, रेलवे गार्ड ने उसकी सहायता करनी चाही और उसे एक डिब्बे के अन्दर धकेल दिया मगर उसका सामान गिर गया और पटरी पर जा गिरा जिससे एक धमाका हुआ क्योंकि सामान में आतिशबाजी का सामान था और उसके छर्रे वादी को लगे जो दस गज की दूरी पर था । छर्रों ने उसे जख्मी कर दिया । वादी ने रेलवे कम्पनी पर रेलवे गार्ड की उपेक्षा का दावा कर दिया ।

(A) रेलवे कम्पनी दायित्वाधीन है ।

(B) Y को आघात होने के लिए रेलवे कम्पनी दायित्वाधीन नहीं है क्योंकि रेलवे कम्पनी का "वाई" के प्रति कोई कर्त्तव्य नहीं बनता ।

(C) वाई को लगा घाव इतना दूरस्थ है जिसके लिए रेलवे कम्पनी को दायित्वाधीन नहीं ठहराया जा सकता ।

(D) रेलवे कम्पनी का सामान्य जनता के लिए कर्त्तव्य बनता है कि उसके कर्मचारी उपेक्षा से कार्य न करें ।

**33.** संविदा की गुप्तता का सिद्धान्त अपकृत्य (टार्ट) कृत्यों पर लागू नहीं होगा, यह निर्णय किस मामले में दिया गया है ?

(A) विंटरबाटम बनाम राइट

(B) डोंगी बनाम स्टीवेनसन

(C) ग्रांट बनाम आस्ट्रेलियन निटिंग मिल्ज लि.

(D) एशबी बनाम व्हाइट

**34.** अपकृत्य के लिए निम्नलिखित अच्छे बचाव हैं

(i) स्वेच्छा से किया गया कार्य क्षति नहीं है ।

(ii) सिर्फ जानकारी अनुमति नहीं है ।

(iii) दैवी कृत्य ।

अधोलिखित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (i), (ii) (B) (ii), (iii)

(C) (i), (iii) (D) केवल (iii)

**35.** कबूतरखाना - सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) साल्मंड

(B) आस्टन

(C) विनफील्ड

(D) क्लार्क व लिंडसेल

**36.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. बिना क्षति के हानि | (a) एश्बी बनाम व्हाइट |
| II. कठोर दायित्व | (b) ग्लोसेस्टर ग्रामर स्कूल केस |
| III. हानि के बिना क्षति | (c) स्टेनले बनाम पावेल |
| IV. अपरिहार्य दुर्घटना | (d) रैलेंड बनाम फ्लैचर |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (B) | (a) | (c) | (d) | (b) |
| (C) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (D) | (d) | (b) | (c) | (a) |

**37.** आपराधिक मन:स्थिति को जानने के लिए यह आवश्यक है कि

(A) कृत्य इच्छित था ।

(B) उसका परिणाम अनिवार्य था ।

(C) ऐसा कृत्य जिससे दूसरे को क्षति पहुँचे ।

(D) तथ्यों के अस्तित्व का ज्ञान ।

**38.** The act of abetment results from

(A) Counselling

(B) Suggesting

(C) Processing

(D) Commanding

**39.** In which of the acts of prostitution it becomes a public nuisance ?

(A) The act is carried on in a hidden manner.

(B) The act has resulted with an injury to an individual.

(C) It must be a case of bare solicitation of customers in a public place.

(D) None of the above

**40.** Liability for culpable homicide can be fixed if death is caused by effect of words :

(A) If it results in excitement.

(B) If the anticipated consequence becomes the result.

(C) By the absence of avoidability to suffer from lingering torture.

(D) All the above

**41.** For the offence of wrongful confinement there must be circumscribing limits which may be

(A) Large or narrow boundary

(B) Visible or tangible area

(C) Movable or fixed territory

(D) All of them

**42.** Enticing a minor girl amounts to

(A) Kidnapping

(B) Abduction

(C) Absence from free consent

(D) None of the above

**43.** Which of the following cases is relating to unfair labour practices ?

(A) Regional Manager, SBI V. Rakesh Kumar Tiwari

(B) Central Bank of India V. Workmen

(C) Hindustan Motors Ltd. V. Tapan Kumar

(D) Textile Labour Union V. State of Rajasthan

**44.** **Assertion (A) :** Participation in illegal strike is punishable.

**Reason (R) :** Right to go on strike is not a Fundamental Right.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation.

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**45.** Under which Section of the Industrial Disputes Act, an individual dispute is deemed to be industrial dispute ?

(A) Section 2

(B) Section 2A

(C) Section 3

(D) Section 5

**46.** Registration of Trade Union may be cancelled by the Registrar of Trade Union, when

(A) Leaders of Union are not working well

(B) Registration Certificate has been obtained by fraud

(C) Members of Union do not take interest in Union activities

(D) Employer does not want registered Union

**38.** दुष्प्रेरित कार्य की उत्पत्ति किससे होती है ?

(A) परामर्श द्वारा

(B) सुझाव द्वारा

(C) प्राप्ति द्वारा

(D) समादेश द्वारा

**39.** वेश्यावृत्ति में वह कौन सा कृत्य हो जो लोक उपताप का कारण बनता है ?

(A) छिपकर किया गया कृत्य ।

(B) किसी व्यक्ति को इस कृत्य द्वारा आघात पहुँचा हो ।

(C) ऐसा कृत्य जिससे सार्वजनिक स्थानों से ग्राहकों को केवल लुभाने का कार्य किया जाए ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**40.** आपराधिक मानववध के लिए जिम्मेदारी निर्धारित हो सकती यदि यह मृत्यु शब्दों के निम्न प्रभावों के कारण हुई हो

(A) इसका परिणाम भड़कने में हो ।

(B) यदि पूर्वानुमानित परिणाम ही घटित हो जाए ।

(C) पीड़ा टालने के बजाय निरन्तर उत्पीड़न करना ।

(D) उपरोक्त सभी ।

**41.** सदोष प्रतिरुद्धता अपराध के लिए यह आवश्यक है कि सीमाओं को सीमाबद्ध किया जाए जो कि

(A) वृहद् अथवा सीमित सीमा हो ।

(B) दृष्टव्य अथवा मूर्त्त हो ।

(C) चल अथवा स्थिर क्षेत्र ।

(D) उपरोक्त सभी ।

**42.** अवयस्क लड़की को फुसलाना समझा जाता है

(A) व्यवहरण

(B) अपहरण

(C) स्वतन्त्र सहमति की अनुपस्थिति

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**43.** निम्न मामलों में से कौन सा अनुचित श्रम परिपाटी से सम्बन्धित है ?

(A) रिजनल मैनेजर, एस बी आई बनाम राकेश कुमार तिवाड़ी

(B) सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बनाम वर्क मेन

(C) हिंदुस्तान मोटर्स लि. बनाम तपनकुमार

(D) टैक्सटाइल लेबर यूनियन बनाम राजस्थान राज्य

**44.** **अभिकथन (A) :** अवैध हड़ताल में शामिल होना दण्डनीय है ।

**तर्क (R) :** हड़ताल पर जाना मूल अधिकार नहीं है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या <u>नहीं</u> है ।

(C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है परन्तु (R) सही है ।

**45.** औद्योगिक विवाद अधिनियम की किस धारा के अधीन व्यक्तिगत विवाद को औद्योगिक विवाद मान लिया जाता है ?

(A) धारा 2

(B) धारा 2A

(C) धारा 3

(D) धारा 5

**46.** ट्रेड यूनियन का पंजीकरण ट्रेड यूनियन के रजिस्ट्रार द्वारा रद्द किया जा सकता है यदि

(A) यूनियन के नेता ठीक ढंग से कार्य न करते हों ।

(B) पंजीकरण प्रमाण-पत्र को धोखे द्वारा प्राप्त किया गया हो ।

(C) यूनियन के सदस्य यूनियन के कार्य में रूचि न लेते हों ।

(D) नियोक्ता यूनियन का पंजीकरण नहीं चाहता ।

Read the following paragraph and answer the Question Nos. **47** to **50 :**

On the surface this amendment might create the impression that State is now free to impose any kind of restriction on the enjoyment of property … and without paying any thing to the expropriated owner in return of property taken away from him. Nothing, however could be farther from the true Constitutional position. The reality is that now the right to property of both, the citizen as well as the non-citizen, is more firmly and comprehensively secured under the Constitution than ever before. It is secured more firmly than before because any significant amendment in the existing position will now require not only the procedure laid down in the main part of Article 368, but also the consent of the States as prescribed in the proviso of that Article. It is secured more comprehensively because the State will not now be able to acquire private property without showing public purpose and without paying full compensation or market value of the property. Also, the State may now be required to pay compensation of property without actually transferring to itself the ownership or possession of the property. In other words, the courts in India will now be free to give the same quality and extent of protection to private property as the courts in the United States give under the 'due process' clause and the American Doctrine of 'eminent domain' and 'police power' may again be found to be relevant for India.

In the light of above answer the following :

**47.** Before which amendment to the Constitution, Right to Property was a Fundamental Right ?

(A) 42nd (B) 44th

(C) 38th (D) None

**48.** Before the amendment to the Constitution, Right to Property was

(A) Legal Right

(B) Moral Right

(C) Fundamental Right

(D) None of the above

**49.** Right to Property is covered under Article

(A) 14 (B) 19

(C) 31 (D) 300-A

**50.** Which one of the following Fundamental Rights has been a subject of maximum controversy and litigation ?

(A) Right to Freedom of Speech

(B) Right to Property

(C) Right to Religion

(D) Right to Equality

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्न 47 से 50 का उत्तर दीजिए :

ऊपर से देखने में यह संशोधन इस प्रभाव को स्थापित करता है कि अब राज्य सम्पदा के आनन्द को उठाने पर हर प्रकार के बन्धन लगाने के लिए स्वतन्त्र है । राज्य सम्पदा के अधिग्रहण के एवेज में सम्पदाधारी को कुछ भी नहीं देगा । फिर भी कोई भी व्यवस्था संवैधानिक प्रबन्ध से दूर नहीं जा सकती । परन्तु यथार्थ यह है कि नागरिक एवं गैर नागरिक का सम्पति का अधिकार संविधान के अधीन अब पहले से अधिक सुरक्षित एवं व्यापक है । यह पहले से अधिक सुरक्षित बनाया गया है क्योंकि अब वर्तमान व्यवस्था में परिवर्तन के लिए केवल अनुच्छेद 368 में दी गई प्रक्रिया को ही पूरा नहीं करना होगा बल्कि इस अनुच्छेद के उपबन्ध के अनुसार राज्यों की अनुमति भी अनिवार्य है । इसको अब और अधिक सुरक्षित बनाया गया है क्योंकि राज्य अब निजी सम्पदा को सार्वजनिक उद्देश्यों को स्पष्ट किये बिना अथवा सम्पदा का बाजार-भाव पर पूर्ण मुआवजा दिये बिना सम्पत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकता । इसके साथ साथ, राज्य ऐसी सम्पदा की मालिकियत व उसका कब्जा अपने नाम करवाने से पहले पूरा मुआवजा अदा करेगा । दूसरे शब्दों में, अब अदालतें भारत में निजी सम्पदा को उसी गुणवत्ता और व्यापकता से सुरक्षा प्रदान करेंगी जैसा कि युनाइटेड स्टेट्स में विधि की सम्यक प्रक्रिया के अन्तर्गत होता है । इसी के साथ अमेरिका के 'सर्व परी अधिकार' सिद्धान्त तथा 'पुलिस बल सिद्धान्त' भारत में भी प्रासंगिक होगा ।

**47.** संविधान के किस संशोधन से पहले सम्पत्ति का अधिकार मूल अधिकार था ?

(A) 42वीं

(B) 44वीं

(C) 38वीं

(D) कोई नहीं

**48.** सम्पत्ति के अधिकार में संशोधन से पूर्व यह अधिकार किस तरह का था ?

(A) वैध अधिकार

(B) नैतिक अधिकार

(C) मूल अधिकार

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**49.** सम्पत्ति का अधिकार किस अनुच्छेद के अन्तर्गत आता है ?

(A) 14

(B) 19

(C) 31

(D) 300-A

**50.** निम्नलिखित मूल अधिकारों में से कौन सा अधिकार है जिसे लेकर सबसे अधिक विवाद और मुकद्दमेबाजी हुई है ?

(A) संभाषण की स्वतन्त्रता का अधिकार

(B) सम्पत्ति का अधिकार

(C) धर्म का अधिकार

(D) समता का अधिकार

**Space For Rough Work**